RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

ऐसी-तैसी में गये, अमरीका के बैन।
खूब लड़ायेंगे अभी, साथ रूस के नैन।
साथ रूस के नैन, करेंगे ता-ता थैया।
होर्मूज है बंद, पुतिन तुम भेजो भैया।
कह साहिल कविराय, भला घबराहट कैसी।
तेल दे रहा रूस, सभी की ऐसी-तैसी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 116 | FRIDAY DATE 20-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी का निधन

**देहरादून, यूटर्न/ 19 मई।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर जनरल (रिटायर्ड) भुवन चंद्र खंडूरी का मंगलवार को निधन हो गया। देहरादून के मैक्स अस्पताल में



उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 91 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। भुवन चंद्र खंडूरी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वह सेना से राजनीति में आए थे और अपनी सादगी, अनुशासन तथा ईमानदार छवि के लिए जाने जाते थे। उन्होंने दो बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उनका पहला कार्यकाल वर्ष 2007 से 2009 तक और दूसरा कार्यकाल 2011 से 2012 तक रहा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाया और राज्य में पारदर्शी एवं अनुशासित प्रशासन स्थापित करने के लिए कई अहम कदम उठाए।

### राजनाथ सिंह और वियतनाम के राष्ट्रपति की मुलाकात, रक्षा व इंडो-पैसिफिक स्थिरता पर सहमति

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने आधिकारिक वियतनाम दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को यहां वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी व राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात कर भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से की मुलाकात के दौरान रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी और राष्ट्रपति तो लाम से मिलकर उन्हें सम्मान की अनुभूति हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी पहुंचाईं और इस बात को दोहराया कि भारत, वियतनाम के साथ रक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# भारत और नॉर्वे ने 5 बड़े रणनीतिक समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**ये समझौते ग्रीन एनर्जी, सतत विकास, समुद्री तकनीक, नवाचार और भू-विज्ञान सहयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे यात्रा के दौरान भारत और नॉर्वे ने विज्ञान और तकनीक साझेदारी को मजबूत करते हुए पांच बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते ग्रीन एनर्जी, सतत विकास, समुद्री तकनीक, नवाचार और भू-विज्ञान सहयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संस्थागत सहयोग मजबूत करना, उद्योग और स्टार्टअप भागीदारी बढ़ाना, शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना और सतत विकास परियोजनाओं को तेजी देना है। सबसे अहम समझौतों में से एक डीएसआईआर/सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) और नॉर्वे की रिसर्च काउंसिल ऑफ नॉर्वे (आरसीएन) के बीच हुआ, जिसके तहत रिसर्च, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

समझौते में संयुक्त कार्यशालाएं, रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, वैज्ञानिकों के एक्सचेंज प्रोग्राम और जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग की व्यवस्था शामिल है।

# खंडित मूर्तियों के लिए सरकार बनाएगी विशेष कलेक्शन सेंटर्स: रेखा गुप्ता

**मुख्यमंत्री ने दिल्ली वालों से मांगे सुझाव, जनभागीदारी से बनेगी व्यापक योजना**



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।**

राजधानी दिल्ली में रेखा सरकार खंडित मूर्तियों के लिए विशेष कलेक्शन सेंटर्स बनाएगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को खंडित देवी-देवताओं की मूर्तियों के सम्मानजनक संग्रह एवं रीसाइक्लिंग के लिए एक विशेष जनभागीदारी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में खंडित (पुरानी) मूर्तियों के सम्मानजनक विसर्जन और रीसाइक्लिंग के लिए समर्पित 'कलेक्शन सेंटर्स' स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने इस मुहिम को पूरी तरह नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए सीधे दिल्लीवासियों से सुझाव मांगे हैं ताकि जनभागीदारी से इस योजना को अंतिम रूप दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों तक जिन मूर्तियों को लोग अपने घरों में भगवान के रूप में पूजते हैं, उनके खंडित हो जाने के बाद अक्सर उन्हें पीपल के पेड़ों के नीचे, नदी किनारे, पार्कों या सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली सरकार ऐसे समर्पित कलेक्शन सेंटर स्थापित करेगी, जहां नागरिक अपनी खंडित मूर्तियों को सम्मानपूर्वक जमा कर सकेंगे। बाद में इन मूर्तियों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से रिसायकल कर उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि आस्था का सम्मान भी बना रहे और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यह पहल केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन बनेगी।

### रेखा सरकार की बड़ी उपलब्धि, 8 लाख महिलाओं तक पहुंचा 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड', मुफ्त सफर के साथ डिजिटल सुविधा भी



दिल्ली सरकार की 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' योजना के तहत राजधानी में अब तक 8 लाख से अधिक महिलाओं और ट्रांसजेंडर नागरिकों को स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने इसे महिला सुरक्षा, सुविधा और डिजिटल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' केवल मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं, बल्कि महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और तकनीक आधारित यात्रा अनुभव देने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह महिला हितैषी, स्मार्ट और विश्वस्तरीय बनाना है। सरकार के अनुसार कार्ड बनाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए दिल्ली के विभिन्न रिहायशी इलाकों और सरकारी कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया होने के कारण महिलाओं को कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' एनसीएमसी आधारित 'टैप-एंड-गो' तकनीक पर काम करता है। इसके जरिए महिलाओं और ट्रांसजेंडर नागरिकों को डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। ईटीएम मशीन पर कार्ड टैप करते ही यात्रा दर्ज हो जाती है और कागजी टिकट की आवश्यकता नहीं रहती। सरकार ने बताया कि यह स्मार्ट कार्ड भविष्य में मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में भी भुगतान आधारित उपयोग के लिए सक्षम होगा।



### सरकार ने जम्मू-कटरा और हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर के लिए 1,200 करोड़ रुपए के रेल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** रेल मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने जम्मू-कटरा और हावड़ा-दिल्ली रेल कॉरिडोर पर सुरक्षा, कनेक्टिविटी और परिचालन दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से 1,200 करोड़ रुपए के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा सेक्शन पर ढलानों को स्थिर करने, सुरंगों के पुनर्वास और पुल संरक्षण कार्यों के लिए 238 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। बयान में मंत्रालय ने आगे बताया कि मंजूर किए गए कार्यों में ढलान स्थिरीकरण, पुनर्वास उपाय, सुरंगों में पानी रिसाव की समस्या का समाधान, पुल सुरक्षा कार्य और संवेदनशील स्थानों पर अन्य सुरक्षा संबंधी काम शामिल हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये परियोजनाएं देश के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में सुरक्षित और भरोसेमंद रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

### केजरीवाल और सिसोदिया समेत कई नेताओं को हाई कोर्ट का अवमानना नोटिस जारी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** आबकारी नीति मामले में मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज, विनय मिश्रा और दुर्गेश पाठक के खिलाफ अवमानना मामले में नोटिस जारी किया। अदालत ने नोटिस जारी कर सभी नेताओं से चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 4 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान इन नेताओं की ओर से कोई भी अदालत में पेश नहीं हुआ। अदालत ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया से जुड़े सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएं और उन्हें कोर्ट रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया जाए। साथ ही, अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में एक एमिकस क्यूरी भी नियुक्त किया जाएगा।

# रायबरेली दौरे पर राहुल का सरकार पर प्रहार बोले- महंगाई से आम आदमी बेहाल

» **रायबरेली, यूटर्न/ 19 मई।**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली दौरे के दौरान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई को लेकर तीखा हमला बोला। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा गांव में सांसद निधि से निर्मित बारातघर का उद्घाटन करने पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल समेत रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि देश का आम नागरिक आर्थिक दबाव झेल रहा है, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है, जिसका सीधा असर किसानों, युवाओं, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा कि रायबरेली की जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों और मेहनतकश वर्ग की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है और सरकार को राहत देने वाले फैसले लेने चाहिए। इससे पहले रायबरेली पहुंचने पर राहुल गांधी ने चुरुवा मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। बड़े मंगल के अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# बिहार सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल: तेजस्वी यादव

» **पटना, यूटर्न/ 19 मई।**



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सीएम सम्राट चौधरी की सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बिहार सरकार पर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि सत्ता संरक्षित अपराधी अब प्रदेश की माताओं-बहनों और बेटियों पर कहर बनकर टूट रहे हैं। नई सरकार में महिला अपराध के मामले बढ़े हैं। उन्होंने प्रदेश की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधा और कहा कि गृह विभाग उनके पास होने के बावजूद अपराधियों में डर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में महिलाओं की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और सरकार केवल दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के बने अभी एक महीना ही हुआ है, लेकिन इस दौरान महिला अपराध के मामलों में तेजी आई है। उन्होंने यह भी कहा कि छह महीने के भीतर बिहार में दो बार मुख्यमंत्री बदले गए। जनता द्वारा चुने गए मुख्यमंत्री को हटा कर 'सिलेक्टिव मुख्यमंत्री' बनाया गया। तेजस्वी यादव ने महिला सशक्तिकरण के सरकार के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की करीब 65 प्रतिशत महिलाएं आज भी खून की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्त बुर्जुग से 17.41 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 मई।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर वसुंधरा निवासी सेवानिवृत्त बुजुर्ग से 17.41 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर 2-सी निवासी ऋतु बंसल के मुताबिक वह सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं और उन्होंने पहले से कुछ शेयरों में निवेश कर रखा था। ऑनलाइन ट्रेडिंग से संबंधित जानकारी भी लेते रहते हैं। इसी दौरान नौ मार्च को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में शेयर बाजार और ट्रेडिंग से संबंधित सलाह दी जाती थी। ग्रुप में मौजूद लोग खुद को विशेषज्ञ निवेशक और कंपनी प्रतिनिधि बता रहे थे। पीड़ित के मुताबिक ग्रुप की एडमिन टीना मल्होत्रा नाम की महिला ने उनसे निजी तौर पर संपर्क किया।

### युवक का मोबाइल हैक कर खाते से 92 हजार निकाले

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 मई।** जालसाजों ने 5 मई को एक युवक का मोबाइल हैक करके बैंक खाते से 92 हजार रुपये निकाल लिए हैं। हालांकि इससे पहले युवक के बैंक खाते में 71 हजार रुपये क्रेडिट भी हुए थे। युवक ने बैंक खाते में अवैध ट्रांजेक्शन होने पर साइबर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ साइबर अपराध थाना मानेसर में प्राथमिकी दर्ज की है। मानेसर स्थित ढाणा गांव निवासी मंजीत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे 5 मई को अपने मोबाइल में जॉब अपडेट देख रहा था। इसी दौरान उनका मोबाइल का सॉफ्टवेयर अपडेट होने के बाद मोबाइल रीसेट होकर सारा डाटा डिलीट हो गया।

# अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 1200 क्वार्टर शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।**



दिल्ली पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), शाहदरा जिला ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1200 क्वार्टर अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक कार बरामद की है।

पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी एक प्रेस नोट में बताया गया कि 15 मई को एएनटीएफ/शाहदरा को गुप्त सूचना मिली थी कि आनंद नामक व्यक्ति शाम करीब 7:30 बजे दिलशाद गार्डन के जे एंड के ब्लॉक इलाके में सफेद रंग की हुंडई एक्सेंट कार से अवैध शराब की खेप पहुंचाने आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई धीर सिंह, एएसआई शोकिंदर, हेड कांस्टेबल विकास मलिक, राजेश कुमार, पंकज कुमार, वेदपाल और कांस्टेबल अर्जुन शामिल थे। पूरी कार्रवाई एसीपी विवेक विहार और डीसीपी शाहदरा की निगरानी में की गई। पुलिस टीम ने मेन रोड, जे एंड के ब्लॉक, दिलशाद गार्डन के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 180 एमएल की 1200 क्वार्टर शराब जब्त की। साथ ही, शराब की ढुलाई में इस्तेमाल हो रही कार को भी कब्जे में लिया गया। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने सीमापुरी थाने में एफआईआर संख्या 337/2026 के तहत दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 33/58 में मामला दर्ज किया है।

# नाली विवाद में युवक की हत्या, एक आरोपी और गिरफ्तार




» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 19 मई।**

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र में नाली के पानी की निकासी और कूड़ा डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया था, जिसमें साजन भाटी नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है।

थाना सूरजपुर पुलिस ने मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त नैमपाल उर्फ मैमपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़ गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 5 और 6 मई की रात थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम साकीपुर में हुई थी। गांव में नाली के पानी की निकासी तथा कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने उस रात हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और इसी दौरान साजन भाटी को गोली मार दी गई। गोली लगने से साजन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया था।

मृतक साजन भाटी के चाचा द्वारा थाना सूरजपुर में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई थीं।

सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और सर्विलांस की मदद से रविवार को वांछित अभियुक्त नैमपाल उर्फ मैमपाल पुत्र धर्मी को मोजरबीयर गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी ग्राम साकीपुर का ही रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 48 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले इसी मामले में वीर सिंह, मंगेश उर्फ टिल्लू और वीरमती को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब नैमपाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



## ग्रैंड मां कॉटेज किड्स स्कूल में 'हमारे सहायक -गतिविधि' का आयोजन किया गया

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 19 मई। 7 बी स्थित ग्रैंड मा कॉटेज किड्स स्कूल में हमारे सहायक गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने, फैंसी ड्रेस, कविता गायन, कहानी व्याख्यान ओर रोल प्ले जैसी अनेक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे हमारे सहायक जैसे, डॉक्टर, शिक्षिका, सब्जी वाला, नर्स, फलवाला, पेंटर, वकील, दूधवाला, किसान, मजदूर, पुलिस अधीक्षक, फौजी इत्यादि के किरदारों में नजर आए ओर बखूबी अपने किरदारों से साक्षात्कार करवाया।

प्राचार्या लवलीन पाहवा ने बताया कि आज विद्यालय के सभी बच्चों को मंच पर आकर माइक पर बोलने का मौका भी दिया गया जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके और वे बेझिझक मंच पर आकर अपने विचार व्यक्त कर सकें उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय समय पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों की रूचि अनुसार उनके मनोबल और उत्साह को बरकरार रखा जा सके। आज के इस चुनौतीपूर्ण समय में बच्चों का सर्वांगीण विकास इन्हीं गतिविधियों के माध्यम से किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा ने सभी बच्चों को हमारे सहायकों के किरदारों से अवगत करवाया और सभी बच्चों उनके सम्मान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाएं नीतू, कुलदीप, अंजू, नूतन,नीलम ओर अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्या के दो आरोपी घायल, दो नाबालिग हिरासत में

**नोएडा, यूटर्न/ 19 मई।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में युवक दीपक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो अन्य नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, चाकू और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, 17 मई 2026 को चोटपुर कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय दीपक पुत्र सूरज सिंह पर पैसों के विवाद को लेकर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद थाना सेक्टर-63 में तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया और बाद में युवक की मौत होने पर मामले में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। घटना के खुलासे और आरोपियों की तलाश में जुटी थाना सेक्टर-63 पुलिस रविवार देर रात बहलोलपुर अंडरपास से एफएनजी रोड की ओर ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे। पुलिस को शक होने पर उनका पीछा किया गया। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

# कानपुर सीआईडी में ए एस पी पद पर पहुंचा अपराधियों के अंत से शुरू अशोक वर्मा की कर्तव्य निष्ठा का प्रमोशन

» **सुनील बाजपेई**



कानपुर, यूटर्न/ 19 मई। जिसकी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली वाली जांच पर आज भी लोगों को पूरा भरोसा है। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में वह सीबी सीआईडी कानपुर सेक्टर में पहले से ज्यादा सक्रिय हो गई है।

अवगत कराते चलें कि कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में निष्पक्ष जांच पड़ताल के रूप में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस सीआईडी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता की चर्चा की जा रही है, आजकल उस सीआईडी के कानपुर सेक्टर की कमान निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी और परोपकारी स्वभाव के एएसपी अशोक कुमार वर्मा के हाथ में है।

अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके बृजभूमि मथुरा में जन्मे और वर्तमान में जनपद हाथरस के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले कठोर परिश्रम, अनुशासन और सेवा भाव के भी प्रतीक अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

जानकारी के मुताबिक1989 में उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती होकर अपने कैरियर की शुरूआत करते हुए अलीगढ़ के अलिया गैंग के अलिया सहित 3 हार्ड कोर अपराधियों के .एनकाउंटर में पूर्ण सफाए के फलस्वरूप ही आउट आफ टर्न पदोन्नति पाकर 1998 में इंस्पेक्टर और करीब 16 वर्षों तक इसी पद पर जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कठोर परिश्रम और कर्तव्य के प्रति अपनी ईमानदारी पूर्ण प्रगाढ़ निष्ठा के चलते वर्ष 2014 में प्रोन्नति पाकर डिप्टी एस पी और अब अपर पुलिस अधीक्षक यानी एएसपी के पद पर पहुंचने वाले बिरले पुलिस अधिकारियों में से एक सरल और शालीन स्वभाव के सीबीसीआईडी के सेक्टर ऑफिसर एएसपी अशोक कुमार वर्मा की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही लोकहित में निरंतर निरत कर्म योगी एएसपी अशोक कुमार वर्मा जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली, कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के ए एस पी अशोक कुमार वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

कुल मिलाकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों का अक्षरशः पालन करने में भी अग्रणी होने के साथ ही पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के रूप में योगी सरकार का इकबाल भी लगातार बुलंद कर रहे लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी एडिशनल एसपी अशोक कुमार वर्मा की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली वाली नेतृत्व कुशलता का सार्थक परिणाम सीआईडी की लोकप्रियता और जन विश्वास में और अधिक इजाफा करने वाला भी माना जा रहा है।

# लड़ाई खत्म नहीं हुई, पार्टी में लंबा चलना है और काम करना है : श्रीनिवास गोयल

## 'यह अंत नहीं, बल्कि नई शुरूआत है, फिर लड़ेंगे और जीतेंगे' : निकिता गोयल

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 19 मई। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल की हार के बाद रविवार को कार्यकर्ता धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं ने पहुंचकर चुनाव के दौरान किए गए अपने परिश्रम और सहयोग का प्रदर्शन किया तथा पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेड़ड़ ने कहा कि निकिता गोयल पहले अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से परिवार और समाज की सेवा करती रही हैं, लेकिन पहली बार रसोई छोड़कर चुनावी मैदान में उतरकर उकलाना की सेवा के लिए आगे आईं। उन्होंने कहा कि जनता ने निकिता गोयल को भरपूर आशीर्वाद दिया है और भविष्य में भी वह जनता की सेवा करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोट चाहे जितने मिले हों, लेकिन कार्यकताओं ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम किया। भाजपा का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि उकलाना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हार से निराश नहीं होता बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ता है और भविष्य में मजबूती से चुनाव लड़ता है। भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल के ससुर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल ने कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि सभी ने दिन-रात मेहनत कर मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि लड़ाई आज खत्म नहीं हुई है, पार्टी को लंबा चलना है और लगातार काम करते रहना है। उन्होंने विजेता प्रत्याशी रीमा गोयल एवं सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा पूरे समाज को साथ लेकर आगे बढ़ेगी और भविष्य में फिर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी तथा जीत हासिल करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा ने कहा कि भाजपा उकलाना के विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकार होने के कारण विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में कार्य करने वाले लोग चुनाव परिणामों से निराश नहीं होते बल्कि उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते हैं। भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल ने कहा कि उकलाना उनका परिवार है और चुनाव परिणाम चाहे जो रहे हों, जनता का प्यार और आशीर्वाद उनके साथ बना रहेगा। उन्होंने कहा कि यह अंत नहीं बल्कि एक नई शुरूआत है। वह लगातार जनता की सेवा करती रहेंगी और भविष्य में फिर जनता से आशीर्वाद मांगते हुए आगे बढ़ेंगी।

पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि यह कार्यक्रम कार्यकताओं के सम्मान का अवसर है, जिन्होंने एकजुट होकर बहादुरी के साथ चुनाव लड़ा।

उन्होंने कहा कि भाजपा जनादेश का सम्मान करती है और जनता के बीच लगातार काम करती रहेगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह, रामपाल नैन, बुड्ढाखेड़ा पक्ष अध्यक्ष जगदीश असीजा, राममिलन शर्मा, डॉ. शमी नागपाल, पवन खारिया, पीयूष मेहता, संदीप गोयल, सुशील साहूवाला, सत्यपाल शर्मा, जगदीश गोयल, डॉ. हर्ष मोहन भारद्वाज, संदीप ज्यानी, रोशनी, पूनम मेहता, सतीश लोहिया, दीपक गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं पार्षदों में अभिषेक, धर्मवीर सिंह, मोनू गोयल, अरुण गोयल, सुमित भयाना, अभिराम मंगल, हरीश गर्ग, प्रवीण गर्ग, लवली बुम्बक, प्रिंस रेल्हन, राजेश कुमार, कुलदीप सिंह, मनोज रंगा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एस डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए विद्यार्थियो के स्वागत हेतु भव्य टैलेंट शो का आयोजन

**पानीपत,यूटर्न/ 19 मई।** एस डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयमें नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु एक भव्य 'टैलेंट शो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करना था। इस अवसर पर मंच का संचालन बजरंगबली सदन की इंचार्ज कविता शर्मा ने किया |इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य, कविता पाठ, भाषण, अभिनय एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नए विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया तथा अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बताया। निर्णायक मंडल में गणित विभाग की अध्यापिका वरुण शर्मा तथा अंग्रेजी विभाग के अध्यापक विनीत रहे नृत्य में मुस्कान, वादन में अमन प्रथम रहे, सृष्टि और भारती द्वितीय स्थान पर रहे, डेजी और वैशाली नृत्य में तीसरे स्थान पर रहे। चित्रकार में ऋषभ रावल राजश्री प्रथम , सक्षम और सोन द्वितीय स्थान पर, शिवांशु और इशू तृतीय स्थान पर रहे !

# बेटियां बेटों से कम नहीं बल्कि बढ़कर हैं : सुरेन्द्र वर्मा एवं पूजा सोनी

### उचाना मण्डी की सोनी समाज की गरीब मेधावी बेटी मुस्कान के परचम लहराने पर डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया सम्मानित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 19 मई।**

बेटियां बेटों से कम नहीं बल्कि बढ़कर हैं ऐसा कर दिखाया है उचाना मण्डी की होनहार बेटी मुस्कान ने। उसने एचबीएसई की दसवीं के परीक्षा परिणाम में प्रदेश की मेरिट सूची में 7 वां स्थान प्राप्त कर अपने मातापिता,स्कूल,क्षेत्र व जिले का पूरे हरियाणा में नाम रोशन किया है। गीता विद्या मंदिर हाई स्कूल की छात्रा रही मुस्कान की इस उल्लेखनीय उपलब्धी के उपलक्ष्य में उचानामण्डी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ एवं गीता विद्या मंदिर हाई स्कूल उचानामण्डी के शिक्षक रहे सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने की। इस कार्यक्रम में लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने गरीब परिवार में 27 दिसम्बर 2010 को जन्मीं मेधावी बेटी मुस्कान को पैन भेंटकर सम्मानित किया और आशीर्वाद स्वरूप लड्डू खिलाकर फूलमाला से उसका उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ जींद के जिला युवा प्रधान राजेन्द्र सोनी एवं शहरी प्रधान अजय कुमार,उपप्रधान गौरव सोनी,हिमांशु,दीपक,संदीप सोनी,पवन खटकड़,जितेन्द्र व शिक्षक सुरेन्द्र वर्मा ने संयुक्त रूप से पगडी.पहनाकर मुस्कान को सम्मानित किया और मेधावी बेटी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सोनी समाज की इस होनहार बेटी मुस्कान सुपुत्री राकेश सोनी उर्फ बिट्टू ने 500 में से 493 अंक प्राप्त किये। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी स्वयं की जीतोड़ मेहनत व लगन के साथ-साथ अपने माता पिता व दादी के आशीर्वाद एवं स्कूल के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है। मुस्कान बेटी की शानदार उपलब्धी पर पूरा सोनी परिवार व क्षेत्रवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और उचाना क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर और फूलमाला डालकर मेधावी बेटी मुस्कान को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। बेटी मुस्कान का कहना है कि वह आगे साईंस साईड लेकर डाक्टर बनना चाहती है। समाज सेवी सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि बेटियां शिक्षा के साथ-साथ खेलों व अन्य क्षेत्रों में भी नाम कमा रही हैं इसलिए बेटियों को भी आगे बढ़ने का समान अवसर दिया जाना चाहिए।



# भाजपा सरकार का महंगाई रूपी हमला लगातार जारी आम जनता हुई बेहाल : डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार



**पानीपत, यूटर्न/ 19 मई।** समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि देश की जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, लेकिन भाजपा सरकार लगातार आमजन की कमर तोड़ने में लगी हुई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर 90 पैसे की बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले मात्र 4 दिनों में लगभग 4 तक दाम बढ़ाकर सरकार ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा हमला किया है। ईंधन के दाम बढ़ने का असर केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव रोजमर्रा की हर वस्तु पर पड़ता है। खाने-पीने का सामान, सब्जियां, दूध, दवाइयां, परिवहन और खेती-किसानी का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा आज देश का गरीब और मध्यम वर्ग भुगत रहा है। कांग्रेस नेता डॉ0 ओमवीर सिंह पवार ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुये कहा कि पांच राज्यो के चुनाव परिणाम आने के बाद सरकार द्वारा पेट्रोल- डीजल बढ़ाया जाना जनता साथ धोखा व निदनीय है उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इस बात के संकेत चुनाव से पहले ही दे दिये थे ।

# वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 23 गांवों के 100 से अधिक टीबी रोगियों को लिया गोद

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 19 मई। वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक सराहनीय कदम उठाते हुए 23 गांवों के सभी टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार के लिए गोद लिया है। ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उझा व उग्राखेडी में एक विशेष कार्यक्रम में आयोजित कर सभी गांवों के 100 टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार की किट वितरित की गई।

इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रख्यात समाज सेवक श्री पाला राम जिनका जन्मस्थान छाजपुर है। श्री महेन्द्र वशिष्ठ ने उपस्थित सभी रोगियों को दवाई के साथ साथ प्रोटीन युक्त डाइट लेने का आग्रह किया। बीमारी को हराने के लिए नियमित जांच और समय पर पौष्टिक आहार लेना अनिवार्य है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण , डॉ आकाश जिला क्षय रोग अधिकारी , डॉ. लाभ सिंह , श्री गुरुदत्त पी पी एम कॉर्डिनेटर , श्री शिव कुमार सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर , श्री नरेश कुमार सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दोनों पीएचसी की टीम मौजूद रही।

ट्रस्ट की ओर से कपिश, मांगे राम, दीपक, सुनील, रिंकू और प्रमोद सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री पाला राम वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बताया कि समालखा के 200 मरीजों और सोनीपत एवं गन्नौर के 600 से अधिक मरीजों को पौष्टिक आहार देने का जिम्मा उठा चुके है ।

# ईंधन बचत , ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आयोजित हुई सहकर्मियों की बैठक

### आने वाली पीढ़ी को इन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है : मौदगिल

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 19 मई। 19 मई वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए समाज के हर वर्ग को जागरूक होने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से बालह प्रबंधक जीवन मौदगिल के निर्देशन में विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ की मौजूदगी में सभी सहकर्मियों व कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ईंधन की बढ़ती खपत, ऊर्जा संकट, पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं पर विचार विमर्श एवं उनके समाधान हेतु एक आवश्यक कदम निश्चित करना था। मौदगिल ने बताया कि वर्तमान समय में पेट्रोल, डीजल एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ी को इन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह ऊर्जा एवं ईंधन संरक्षण के प्रति जागरूक बने।

उन्होंने सभी को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रेरित किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालय के सभी कर्मचारी अनावश्यक बिजली उपकरणों का प्रयोग बंद रखेंगे तथा वाहन का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए करेंगे।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# फॉल्ट तो कहीं ट्रांसफार्मर फुंकने से गुल रही बिजली

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 मई।



खैरातीनगर बागू में खंबे पर तारों में फॉल्ट होने से सोमवार तड़के चार बजे बिजली चली गई। लोग एसडीओ व जेई को फोन कॉल कर आपूर्ति बहाल कराने की मांग करते रहे लेकिन 11 बजे तक भी बिजली चालू नहीं हो सकी। इसी चक्कर में सुबह के दैनिक कार्य भी प्रभावित रहे।

साहिबाबाद के लाजपतनगर में शनि चौक के पास सोमवार तड़के ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब 10 हजार की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिकायतों के बावजूद निगम की टीम को ट्रांसफार्मर बदलने में सात घंटे का समय लग गया। गरीमा गार्डन के फईम अंसारी ने बताया कि रात में बिजली चली जाने से नींद पूरी नहीं हुई। मोरटा स्थित महक जीवन सोसायटी के अभिषेक यादव ने बताया कि रात नौ बजे के बाद रोजाना बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है। रविवार रात को भी इसी तरह का काम जारी रहा।

## रजापुर में टूट गया खंभा, पूरी रात गुल रही बिजली

रजापुर गांव में चौधरी चरण सिंह गेट के पास रविवार रात को बेकाबू वाहन की टक्कर से विद्युत निगम का पोल टूट गया। इसके बाद रजापुर गांव समेत आसपास की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। लोगों ने इसकी शिकायत निगम के जेई, एसडीओ को दी, लेकिन सोमवार को 12 बजे तक भी निगम की टीम पोल को बदलने के लिए नहीं पहुंची। स्थानीय निवासी गौरव चौधरी ने बताया कि शिकायत के 16 घंटे बाद भी निगम की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस बारे में अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित अधिकारियों से बात कर खंभा बदलने का काम शुरू करा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**लोनी, यूटर्न/ 19 मई।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की सोमवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बॉर्डर थाना क्षेत्र के 100 फुटा रोड की है। आरोपी चालक घटना के बाद वाहन लेकर भाग गया। शिव कुमार (38) निवासी सरस्वती विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। सोमवार को वह किसी काम से सौ फुटा रोड की तरफ जा रहे थे। जब वह कीर्ति विहार कॉलोनी के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### पानी से लबालब हुआ न्यायखंड एक, बढ़ी परेशानी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 19 मई।** नगर निगम के नाला निर्माण के दौरान इंदिरापुरम के अलग-अलग इलाकों में समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही। सोमवार को न्यायखंड एक स्थित पेट्रोल पंप और स्टेडियम के सामने नाले का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया। इस वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

सड़क पर कई जगह जलभराव से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ रही है। सुबह-शाम जाम लग जाता है और 10 मिनट का रास्ता 30 मिनट में पूरा करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रंजीत ने बताया कि गंदा पानी जमा होने से बदबू और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों समेत काम पर जाने वाले लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने काम शुरू तो कर दिया, लेकिन जल निकासी का वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया।

### युवक को गोली मारने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार हुआ

**लोनी, यूटर्न/ 19 मई।** बाग राणप गांव में चार दिसंबर को जाटव चौक पर तरुण को पेट में गोली मारने के आरोपी को लोनी पुलिस ने रविवार रात को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपी महावीर निवासी मोहम्मद सादकपुर बिलारी मुरादाबाद है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि तरुण के साथी विनय से कुछ दिन पहले कहासुनी हुई थी। इस दौरान तरुण ने उसे धमकाना शुरू कर दिया तो तरुण के पेट में गोली मार दी थी। इसके बाद वह भाग गया था और उसने तमंचा नाले में फेंक दिया था। गौरतलब है कि बता दे कि बाग राणप गांव के तरुण को गाली मारकर घायल कर दिश था और उनको दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया था।

## सगी बहनों से छेड़छाड़ का विरोध किया तो भाई को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 19 मई।** वसुंधरा सेक्टर-4 स्थित मेवाड़ इंस्टीट्यूट के पास सगी बहनों के साथ मनचलों ने छेड़छाड़ कर दी। उन्होंने मदद के लिए भाई को कॉल करके बुलाया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। घटना 15 मई को हुई और अब पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एक युवती ने इंदिरापुरम थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वह अपनी बहन के साथ 15 मई को वसुंधरा में मेवाड़ इंस्टीट्यूट के पास गुजर रही थीं। रास्ते में चेतन भाटी नामक युवक ने उनको छेड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने उनकी बहन से भी छेड़छाड़ कर दी। उन्होंने अपने भाई को फोन करके घटना की जानकारी देकर बुलाया तो चेतन ने भी आरची कदम, कर्ण प्रताप और प्रकाश पांडेय आदि दोस्तों को मौके पर बुला लिया। जब उनका भाई आया और विरोध किया तो आरोपियों भाई के साथ बुरी तरह मारपीट की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## बुजुर्ग हत्याकांड का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 19 मई।** टोली मोहल्ला कॉलोनी में बुजुर्ग अजीजुद्दीन के हत्यारोपी और 15 हजार के इनामी को लोनी थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद से आरोपी भागा हुआ था। प्रॉपर्टी से बेदखल करने पर मृतक के बेटे के साथ मिलकर आरोपी ने गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी बेटे और महिला को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि हत्या के मामले में भागे हुए आरोपी निसार पर आला अधिकारियों ने 15 हजार का इनाम घोषित किया था। सोमवार को निसार को लोनी थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि करीब छह माह पहले मृतक का पुत्र बिलाल लखनऊ में उसके संपर्क में आया था। वह पांच अप्रैल को लोनी आया। उसने मृतक के बेटे बिलाल व उसकी महिला मित्र खुशबू के साथ मिलकर मकान में अजीजुद्दीन की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद तीनों भाग गए।

**यह था मामला:** लोनी थाना क्षेत्र के टोली मोहल्ला निवासी अजीजुद्दीन (65) चार अप्रैल को घर से लापता हो गए थे और परिजन ने गुमशुदगी लोनी थाने में दर्ज कराई थी। आठ अप्रैल को उनका शव घर से 500 मीटर दूर बंद मकान के बेसमेंट में मिला था। मृतक की पत्नी नसरीन ने 11 अप्रैल को बड़े बेटे बिलाल और उसके साथियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक मई को आरोपी बिलाल और उसकी महिला मित्र खुशबू पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी बिलाल को मुंबई के ठाणे जनपद के मुब्रा इलाके व उसकी महिला मित्र खुशबू को लोनी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया था।

## वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 मई।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में 17 मई की रात को अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोटें लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई दीपक चौहान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सड़क हादसे में मौत संबंधित धाराओं के तहत फर्रुखनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। मृतक युवक की पहचान सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश) के धार निहावा निवासी गोविंद (32) के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम के सुल्तानपुर गांव में किराये पर रहता था व बिरयानी की रेहड़ी लगाता था। मृतक के भाई दीपक चौहान ने पुलिस को बताया कि 17 मई की रात करीब 11 बजे बिट्टू के ढाबा के पास उसके भाई को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गोविंद को शराब पीने की लत थी। 17 मई की रात भी उसने काफी शराब पी रखी थी और नशे की हालत में सुल्तानपुर रोड पर घूम रहा था। इसी दौरान वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## खुले नाले में गिरीं बुजुर्ग के घर पहुंचे निर्माण विभाग के अवर अभियंता

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 19 मई।** अभयखंड एक में नगर निगम के खोदे गए नाले में शनिवार को गिरकर घायल हुईं बुजुर्ग महिला के घर सोमवार को नगर निगम के अवर अभियंता हाल जानने पहुंचे। उनके साथ पार्षद और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बुजुर्ग के बेटे और पुत्र-वधू को आर्थिक मदद करने का भी आश्वासन दिया।



दरअसल, नगर निगम ने नाला निर्माण के लिए खोदाई कर रखी है। शनिवार को घर के बाहर बने नाले के इसी गड्ढे में बुजुर्ग महिला सीता देवी गिरकर घायल हो गई थीं। आसपास के लोगों ने चीख सुनकर करीब 20 मिनट बाद सीढ़ी लगाकर उनको निकाला था। उनके दाएं कंधे में फ्रैक्चर हो गया है। वह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

घटना के बाद परिजन और मोहल्ले वालों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दो दिन से कोई हालचाल तक लेने नहीं आया। इसके बाद सोमवार को बुजुर्ग महिला के घर पार्षद हरीश कड़ाकोटी और नगर निगम के अवर अभियंता संजय गंगवार पहुंचे।

## सिर पर हथौड़ा से हमले के आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 19 मई।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-पांच के एक निवासी ने सिर पर हथौड़े से हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि व्यक्ति पहले भी कई लोगों पर वार कर चुका है। 14 मई को ही निवासी ने एक महिला को आरोपी से बचाया था।



वैशाली सेक्टर-पांच निवासी शैलेष वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कौशांबी निवासी गिरधारी ने उन पर 16 मई को हथौड़े से जानलेवा हमला किया था। 14 मई को जब वह अपनी दुकान पर बैठे थे तो उसी दौरान एक बुजुर्ग महिला दौड़कर आई और उनकी दुकान में घुस गई। डरी सहमी महिला ने उन्हें बताया कि एक व्यक्ति हथौड़ा लेकर उनका पीछा कर रहा है। उसके हाथ में एक चाकू भी है। कुछ देर बाद आरोपी आया तो उन्होंने महिला को उससे किसी तरह बचाया।

शैलेश ने बताया कि आरोपी उसी दिन से उनसे खुन्नस मानने लगा। 16 मई को वह अपनी दुकान पर बैठे थे तो पीछे से आकर उसने सिर पर हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनके सिर में कई टांके आए। उनका आरोप है कि इससे पूर्व आरोपी इलाके के अन्य लोगों पर भी हमला कर चुका है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अपार्टमेंट के तीसरी और चौथी मंजिल के फ्लैट में लगी आग, 12 को बचाया

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 19 मई।



शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-एक गुरुद्वारा रोड स्थित चार मंजिला अपार्टमेंट के दो फ्लैटों में सोमवार रात आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग में चौथी मंजिल पर 12 लोग छत पर फंस गए। अग्निशमन विभाग की टीम ने न सिर्फ छत पर फंसे 12 लोगों को निकालकर बचाया। बल्कि एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में भी काफी परेशानी हुई। आग फ्लैट में शार्ट सर्किट से लगने की बात सामने आ रही है। निवासियों का आरोप है कि दमकल टीम करीब आधा घंटे देरी से पहुंची। हालांकि दमकल अधिकारियों का कहना है कि सूचना के तत्काल बाद टीम मौके पर पहुंची और लोगों को बचाया।

पुलिस ने बताया कि इमारत के तीसरी मंजिल स्थित एक फ्लैट में शार्ट सर्किट से आग लगने के बाद चौथी मंजिल के फ्लैट तक पहुंची। आग की सूचना पाक मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग ने 12 लोगों को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। एसएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन साहिबाबाद को 7:29 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। दस मिनट में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। सेवानिवृत्त शिक्षक रामनरेश पटेल के फ्लैट में आग लगी थी। आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी और घर में तेजी से फैल गई। परिवार के सभी सदस्य आग लगने पर बाहर निकल गए और दमकल को सूचना दी। आग तेजी से फैलती चली गई और चौथे फ्लोर पर रहने वाले रविशंकर के फ्लैट तक पहुंच गई। आसपास के स्टेशनों से भी पानी के टैंकर बुलाए गए। उन्होंने बताया कि लगभग एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## धुआं निकलने पर दी सूचना, आग विकराल होने पर पहुंची दमकल टीम

शालीमार गार्डन एक्सटेंशन एक के व्यापार मंडल से जुड़े केशव सक्सेना ने बताया कि लगभग सात बजे अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर बने फ्लैट से धुआं निकलता देखा गया। उसी दौरान सूचना दे दी गई, लेकिन कुछही देर में आग तेजी से फैली और चौथी मंजिल के फ्लैट को भी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासी बीके सिंह गोस्वामी का कहना है कि आग की सूचना पर दमकल की टीम करीब पौने घंटे देरी से पहुंची। इस वजह से आग चौथी मंजिल के फ्लैट तक पहुंच गई। यदि दमकल टीम समय से पहुंच जाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## पेट्रोल और डीजल के रेट में हुई बढ़ोतरी, 86 पैसे पेट्रोल और 83 पैसे डीजल के दाम और बढ़े

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।

इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल 86 पैसे और डीजल 83 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दामों में हुए इस बदलाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 91.58 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले बीते शुक्रवार, 15 मई को भी ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की गई थी। तब पेट्रोल और डीजल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर और सीएनजी में 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। जिसके बाद विपक्ष की ओर से तीखी प्रतिक्रियाओं समेत राजनीतिक बयानबाजी भी देखने को मिली थी।

तेल-गैस की कीमतों में इजाफा होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने फैसले का बचाव किया था। भाजपा नेताओं ने भारत और अन्य देशों में तेल कीमतों में बढ़ोतरी की तुलना की थी। साथ ही, दावा किया था कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत वह देश रहा जहां आम नागरिकों पर सबसे कम बोझ पड़ा।

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने और तेल आपूर्ति बाधित होने के कारण अप्रैल



और मई के अधिकांश समय ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना रहा। इसका असर दुनिया की लगभग हर अर्थव्यवस्था में सीधे पेट्रोल पंपों पर दिखाई दिया। लेकिन भारत इस पूरी तस्वीर में एक अलग और उल्लेखनीय अपवाद बनकर उभरा है।

अमित मालवीय ने लिखा था कि अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें 44.5 प्रतिशत बढ़ीं और डीजल की कीमतों में 48.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम 54.9 प्रतिशत और डीजल के दाम 44.9 प्रतिशत बढ़े हैं। ब्रिटेन में पेट्रोल की कीमत में 19.2 प्रतिशत और डीजल की कीमत में 34.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इन देशों के मुकाबले भारत की बात करते हुए भाजपा नेता ने कहा था कि भारत में वृद्धि सबसे कम रही, जहां पेट्रोल की कीमत में 3.2 प्रतिशत और डीजल की कीमत में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



## 'राह-वीर योजना' से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मिलेगी मदद : नितिन गडकरी

### जख्मी को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा 25,000 रुपए का पुरस्कार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के सराय काले खान से जैतपुर तक बने 9 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री प्रवेश वर्मा समेत कई अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

यह महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजना दिल्ली और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है। इसके पूरा होने के बाद दोनों महानगरों के बीच यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यह एक सुनियोजित परियोजना है और इसी सोच के तहत इसे लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि कालिंदी कुंज दिल्ली के सबसे अधिक ट्रैफिक दबाव वाले इलाकों में से एक है और सरकार इसे सिग्नल-फ्री बनाने की दिशा में काम कर रही है। गडकरी ने कहा कि ट्रैफिक समस्याएं लगातार बदलती रहती हैं और यह दावा करना संभव नहीं कि हर समस्या का पूरी तरह समाधान हो जाएगा। हालांकि, सरकार का इरादा साफ है और वह हर स्तर पर समस्याओं को कम करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या को नियंत्रित करना आसान नहीं है, लेकिन लॉन्ग टर्म प्लानिंग के जरिए ट्रैफिक दबाव को कम किया जाएगा और लोगों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट के साथ बेहतर राहत देने की कोशिश की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकार की 'राह-वीर योजना' का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

इसके अलावा, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को किसी भी अस्पताल में भर्ती कराने पर सरकार अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का खर्च आठ दिनों के इलाज के लिए अस्पताल को तुरंत उपलब्ध कराएगी। इसका उद्देश्य हादसे में घायल लोगों की जान बचाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंकों की बंपर कमाई फिर भी कमजोर मूल्यांकन, बैंक निफ्टी में रिकॉर्ड गिरावट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** बाजार के मौजूदा हालात में बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धि और कमाई निवेशकों को चिंतित कर रही है। बेंचमार्क निफ्टी 50 सूचकांक के मुकाबले बैंक निफ्टी का मूल्यांकन रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जो 2015 के बाद सबसे बड़ा अंतर है। यह तब हो रहा है जब बैंकिंग क्षेत्र ने बीते कुछ वर्षों में कॉर्पोरेट आय वृद्धि में अहम योगदान दिया है। बैंक निफ्टी वर्तमान में निफ्टी 50 की तुलना में 43.5 फीसदी कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रहा है। इसका प्राइस-टु-बुक अनुपात 1.83 है, जबकि निफ्टी 50 का 3.25। खास बात यह है कि पिछले पांच वर्षों में बैंक निफ्टी की प्रति शेयर आय (ईपीएस) में 172 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि हुई, जो निफ्टी 50 के 117 फीसदी से काफी बेहतर है। यह दमदार ऐतिहासिक प्रदर्शन के बावजूद मौजूदा मूल्यांकन अंतर को दर्शाता है। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशकों का विश्वास बैंकों की भविष्य की आय वृद्धि पर डगमगा गया है। बाजार के जानकार कहते हैं, बढ़ती बॉन्ड यील्ड, रुपये का अवमूल्यन और खुदरा ऋण के भुगतान में चूक जैसी चुनौतियां बैंकों के लिए आय की रफ्तार बनाए रखना मुश्किल बना सकती हैं।

### ऑफिस स्पेस की बढ़ती मांग से आरईआईटी को बंपर फायदा

#### बड़ी कंपनियों की तरफ से भारी मांग के चलते ऑक्युपेंसी 90 फीसदी के पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** देश में ऑफिस स्पेस की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा लाभ रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) कंपनियों को मिल रहा है। बड़ी विदेशी और घरेलू कंपनियां जमकर नए ऑफिस किराए पर ले रही हैं, जिससे आरईआईटी की कमाई में भारी उछाल आया है और वे अब तेजी से अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, चौथी तिमाही 26 में आरईआईटी सेक्टर का प्रदर्शन बेहद मजबूत रहा। विदेशी कंपनियों के बैक-ऑफिस सेंटर (जीसीसी), बैंकिंग और फ्लेक्स ऑफिस कंपनियां ऑफिस स्पेस की मुख्य चालक हैं, जिनकी कुल मांग में जीसीसी की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। इस मजबूत मांग के चलते लगभग सभी बड़े आरईआईटी में ऑक्युपेंसी दर 90 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है। किराए में सालाना आधार पर 3 फीसदी से 13 फीसदी तक की वृद्धि हुई है, जिसका फायदा डीपीयू निवेशकों को वितरण) में 5 फीसदी से 14 फीसदी की बढ़ोतरी के रूप में दिखा है। मजबूत डिमांड को देखते हुए आरईआईटी कंपनियां अब तेजी से नए प्रोजेक्ट खरीद रही हैं। एमवेसी आरईआईटी वित्त वर्ष 30 तक 6.2 मिलियन वर्ग फुट का नया डेवलपमेंट करेगा।

### भारतीय बाजार में लगातार बढ रही 7-सीटर गाड़ियों की मांग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** अप्रैल 2026 की बिक्री रिपोर्ट में 7-सीटर गाड़ियों का मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी साफ झलकती है। भारतीय बाजार में बड़े परिवारों के लिए 7-सीटर गाड़ियों की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले महीने इस श्रेणी की प्रमुख कारों ने कुल 42,542 नए ग्राहक जुटाए, जो पिछले साल की तुलना में करीब 15 प्रतिशत ज्यादा है। बिक्री के मामले में मारुति सुजुकी अर्टिगा ने एक बार फिर पहला स्थान हासिल किया और अपनी लोकप्रियता साबित की। अप्रैल 2026 में मारुति अर्टिगा की कुल 19,063 यूनिट्स बिकीं। यह आंकड़ा पिछले साल अप्रैल में बिकी 15,781 यूनिट्स के मुकाबले करीब 20 प्रतिशत ज्यादा है। बेहतर माइलेज, बड़े केबिन और किफायती कीमत के कारण यह कार परिवारों की पहली पसंद बनी हुई है। दूसरे स्थान पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा रही, जिसकी पिछले महीने कुल 9,630 यूनिट्स की बिक्री हुई। अप्रैल 2025 में इसकी 7,698 यूनिट्स बिकी थीं, जिससे सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में इनोवा की मजबूत पकड़ अब भी बरकरार है। तीसरे स्थान पर किआ कैरेंस क्लैविस रही, जिसे अप्रैल 2026 में 5,465 नए ग्राहक मिले।

## अदाणी मामले के समाधान से भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों को मिलेगा बढ़ावा: यूएसआईएसपीएफ

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 19 मई।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड से जुड़े कानूनी मामले के समाधान से भारत-अमेरिका की बढ़ती आर्थिक साझेदारी में एक बड़ी बाधा दूर हो गई है और इससे अमेरिका में नए भारतीय निवेशों के लिए मार्ग खुल गया है। यह बयान यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसएफ) ने सोमवार को दिया।

यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. मुकेश अघी ने कहा, 'अदाणी एंटरप्राइज से जुड़े मामले में अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले से चल रहे कानूनी मामले का अंत हो गया है, जो मजबूत अमेरिका-भारत




आर्थिक साझेदारी के लिए एक बाधा बना हुआ था।' यूएसआईएसपीएफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) ने सोमवार को ऐलान किया था कि अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने ईरान से संबंधित प्रतिबंधों के 32 कथित उल्लंघनों को लेकर संभावित नागरिक दायित्व को निपटाने के लिए 275 मिलियन डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है।

अघी ने कहा कि अमेरिका में अदाणी समूह के नियोजित निवेश अमेरिकी बाजार में भारतीय कंपनियों की बढ़ती रुचि के व्यापक रुझान को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा, 'अदाणी एंटरप्राइजेज द्वारा 10 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की हालिया घोषणा पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय कंपनियां अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही हैं।'

यूएसआईएसपीएफ के प्रमुख ने कहा कि भारतीय कंपनियां अमेरिका को एक दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक साझेदार के रूप में देखती हैं। अघी ने कहा, 'यूएसआईएसपीएफ में हम दृढ़ता से मानते हैं कि ये निवेश अमेरिका में मजबूत साझेदार बनने की भारतीय कंपनियों की इच्छा को बल देते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि भारतीय निवेश दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में योगदान देंगे। उन्होंने कहा, 'ये निवेश मौजूदा सहयोग को और मजबूत करेंगे, रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे, बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक विकास को गति देंगे।'

## बजाज की जल्द आएगी नई एवेंजर 220 स्ट्रीट बाइक



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।** बाइक निर्माता स्वदेशी कंपी बजाज ऑटो ने वेबसाइट पर नई एवेंजर 220 स्ट्रीट को 'कमिंग सून' टैग के साथ सूचीबद्ध कर दिया है। माना जा रहा है कि कंपनी जल्द ही इस मोटरसाइकिल को भारतीय बाजार में लॉन्च कर सकती है। खास बात यह है कि एवेंजर 220 स्ट्रीट लगभग छह साल बाद वापसी कर रही है। इसे आखिरी बार वर्ष 2020 में बंद किया गया था। नई एवेंजर 220 स्ट्रीट उसी प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है, जिस पर एवेंजर 220 क्रूज आधारित है। बाइक में 220 सीसी का सिंगल सिलेंडर ऑयल-कूल्ड इंजन मिलेगा, जो 19 हॉर्सपावर की ताकत और 17.5 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। कंपनी इसे एबोनी ब्लैक और कॉकटेल वाइन रेड जैसे दो रंग विकल्पों में पेश करेगी। बाइक में 13 लीटर का फ्यूल टैंक, 737 मिमी सीट हाइट और 169 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इसका वजन लगभग 160 किलोग्राम होगा। एवेंजर 220 स्ट्रीट को क्रूज मॉडल की तुलना में अधिक स्पोर्टी और शहरों में आसान राइडिंग के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इसमें छोटे हैंडलबार, मैट ब्लैक फिनिश और बिना बड़े विंडशील्ड वाला डिजाइन मिलेगा। इसके अलावा सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, हैलोजन हेडलाइट और स्पोर्टी पिलियन बैकरेस्ट जैसे फीचर्स भी मिलेंगे। कंपनी जल्द ही इसकी कीमत की घोषणा कर सकती है।

## दुनिया भर में बैटरी सप्लाई करेगी ओला इलेक्ट्रिक

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।

ओला इलेक्ट्रिक कंपनी अब केवल स्कूटर निमार्ता तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि बैटरी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी आगे बढने की तैयारी कर रही है। कई ऑटोमोबाइल कंपनियों के साथ ओला इलेक्ट्रिक कंपनी लिथियम-आयन सेल और बैटरी पैक सप्लाई करने को लेकर बातचीत कर रही है। यह सप्लाई तमिलनाडु के कृष्णगिरी स्थित कंपनी की अत्याधुनिक गीगाफैक्ट्री से किए जाने की योजना है, जो भारत में बैटरी निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बेंगलुरु स्थित ओला इलेक्ट्रिक वर्तमान में भारत की एकमात्र सक्रिय गीगाफैक्ट्री संचालित कर रही है, जिसकी क्षमता 6 गीगावॉट घंटा है। कंपनी ने अपनी सहायक इकाई ओला सेल टेक्नोलॉजीज के जरिए 4680 फॉर्मेट की 'भारत सेल' तकनीक को बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे ओला दुनिया की दूसरी ऐसी कंपनी बन गई है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी जुलाई 2027 तक अपनी क्षमता बढ़ाकर 12 गीगावॉट घंटा और वित्त वर्ष 2028 के अंत तक 20 गीगावॉट घंटा करने की तैयारी में है। इस प्रस्तावित क्षमता का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बाहरी कंपनियों को बैटरी सप्लाई करने के लिए आरक्षित किया जाएगा। कई ऑटोमोबाइल




कंपनियां फिलहाल ओला की मैन्युफैक्चरिंग सुविधा का मूल्यांकन कर रही हैं और भविष्य में लंबे समय के समझौते होने की संभावना जताई जा रही है।

ओला इलेक्ट्रिक ने अब तक बैटरी टेक्नोलॉजी, रिसर्च, मैन्युफैक्चरिंग और सेल डेवलपमेंट में करीब 5,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी का मानना है कि यह कदम भारत को बैटरी उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा और आयात पर निर्भरता कम करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, ओला का यह विस्तार केवल इलेक्ट्रिक वाहनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे ड्रोन, रोबोटिक्स, ऊर्जा भंडारण और अन्य तकनीकी क्षेत्रों को भी फायदा मिल सकता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रहे कई इलाके

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।** शहर के कई इलाकों में पिछले एक सप्ताह से लगातार बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। बिजली प्रभावित होने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, सेक्टर-3, सेक्टर-10, डबुआ कॉलोनी, गाजीपुर, पाली, भारत कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में लंबे समय से बिजली गुल रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग में शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

डबुआ कॉलोनी निवासी ओमवती ने बताया कि बिजली न होने के कारण पानी की समस्या गंभीर हो गई है। घर में छोटे-छोटे बच्चों की जरूरतों के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है। सुबह नहाने, घरेलू कार्य और बच्चों को स्कूल भेजने में काफी दिक्कत हो रही है। वहीं नौकरीपेशा लोगों को भी दफ्तर पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

निवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में रात के समय लगातार बिजली कट लगने से लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। गर्मी के कारण छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। बिजली बाधित होने से पानी की मोटरें नहीं चल पा रहीं, जिसके चलते लोगों को बाहर से टैंकर मंगवाकर पानी खरीदना पड़ रहा है। इससे परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### जिले में बढ़ेंगे इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।** आने वाले समय में जिले की सड़कों पर इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहन अधिक संख्या में दौड़ते नजर आएंगे। सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस संबंध में अहम फैसला लिया गया। बैठक में मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा अब से ऊबर-ओला और डिलीवरी कंपनियां सीएनजी और ईवी वाहन ही इस्तेमाल कर सकेंगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। अब इन वाहनों को चलाने के लिए नई नीतियां लागू की जाएंगी, जिससे लोगों को इन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके साथ ही इस फैसले से ऊर्जा के गैर नवीकरणीय स्त्रोतों की भी बचत की जा सकेगी। इसके अलावा सरकार इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट देने की योजना भी बना रही है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा गया है, जिसमें दिल्ली और चंडीगढ़ की तर्ज पर 100 प्रतिशत टैक्स छूट देने की बात कही गई है। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है तो लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने में काफी राहत मिलेगी।

# अब प्रजनन केंद्रों में 24 घंटे मिलेगी एंबुलेंस सुविधा, अस्पतालों के गेट भी रहेंगे खुले

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।**



जिले के प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिशु केंद्रों में अब गर्भवती महिलाओं को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। अब सेक्टर-3 और सेक्टर-30 स्थित प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिशु केंद्रों में 24 घंटे एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी, ताकि आपात स्थिति में गर्भवती महिलाओं को घर से सीधे अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के मुख्य द्वार भी हर समय खुले रखने के आदेश दिए गए हैं।

प्रदेश की अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी जिला सिविल सर्जनों को इस संबंध में व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश मिलने के बाद फरीदाबाद के सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर डिलीवरी सेवाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को दी जाने वाली सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अस्पतालों में एंबुलेंस की उपलब्धता और मुख्य द्वारों को चौबीस घंटे खुला रखना अनिवार्य किया गया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को सेक्टर-3 स्थित प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिशु केंद्र के बाहर एक गर्भवती महिला की गेट पर ही डिलीवरी हो गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई कर्मचारी बाहर नहीं आया। बाद में महिला की सास ने ही प्रसव कराया। मामले के सामने आने के बाद नर्स राखी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुखबीर को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने व्यवस्था सुधारने के लिए यह कदम उठाए हैं।

# 23 साल के प्रेमी ने 45 की प्रेमिका को मारा अब आरोपी के पिता को कोर्ट से राहत



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।**

### शादीशुदा था बेटा, महिला लगातार ब्लैकमेल कर रही थी

पुलिस जांच और मुख्य आरोपी ब्रह्मजीत के कबूलनामे के अनुसार, मृतक महिला (45) उसकी उम्र से करीब 23 साल बड़ी थी और दोनों के बीच संबंध थे। ब्रह्मजीत शादीशुदा था और महिला उसे लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। इसी विवाद के चलते ब्रह्मजीत महिला को बहाने से खेतों में ले गया, जहां तीखी बहस के बाद उसने पैर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव को नग्न अवस्था में नाले में फेंक दिया ताकि पहचान छिपाई जा सके। घटना का खुलासा तब हुआ जब इलाके के एक लावारिस कुत्ते की वजह से नाले में तैरते शव की तरफ लोगों का ध्यान गया। 17 अप्रैल को थाना सेक्टर-8 क्षेत्र के अंतर्गत कबूलपुर गांव के पास एक गंदे नाले से महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया था। मृतका की पहचान हुई, जो 15 अप्रैल को घर से बिजली का बिल जमा कराने निकली थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शुरू में बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) और 238ए के तहत केस दर्ज किया था।

23 साल बड़ी प्रेमिका की हत्या के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा की अदालत ने आदेश सुनाते हुए आरोपी पिता को नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने मामले के तथ्यों और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट किया कि आरोपी पिता जगविंदर की महिला की हत्या या उसके साथ हुई किसी भी गलत हरकत (दुष्कर्म) में कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है।

अदालत ने माना कि उसके खिलाफ केवल अपने बेटे को संरक्षण देने और मामले को छिपाने का आरोप है, जिसके तहत जोड़ी गई कानूनी धारा पूरी तरह जमानती प्रकृति की है। बचाव पक्ष की दलीलों और पुलिस की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने अपने आदेश में साफ कहा है कि आरोपी पिता जगविंदर पर हत्या की धारा 103(1) और धारा 238ए लागू नहीं होतीं। धारा 103(1) हत्या से जुड़ी है, जबकि धारा 238ए महिला के साथ गलत काम/यौन अपराध से संबंधित गंभीर आरोपों से जुड़ी मानी गई थी। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे जगविंदर की इन आरोपों में सीधी संलिप्तता साबित हो सके। जगविंदर के खिलाफ केवल धारा 249 बनती है, जो अपराध के बाद आरोपी को शरण देने, छिपाने या मदद करने से संबंधित और जमानती धारा है। पुलिस ने जांच के दौरान कबूलपुर बांगर निवासी जगविंदर को 18 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि जब बेटे ब्रह्मजीत ने हत्या की बात अपने पिता को बताई, तो जगविंदर ने पुलिस को सूचित करने के बजाय बेटे को बचाने का प्रयास किया। उसने बेटे को पांच हजार रुपये दिए और मोटरसाइकिल पर छोड़कर अपनी बहन के घर भेज दिया, जहां से उसे हरिद्वार भागने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने भी अदालत में माना कि हत्या में पिता का कोई हाथ नहीं है।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि चूंकि आरोपी जगविंदर का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और मामले का ट्रायल पूरा होने में लंबा समय लग सकता है, इसलिए उसे जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर अंतिम टिप्पणी किए बिना जगविंदर की जमानत याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने आदेश दिया कि आरोपी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के अनुसार एक लाख रुपये का जमानत बांड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा करने पर तुरंत नियमित जमानत पर रिहा किया जाए।




### डंपर की टक्कर से भाई-बहन की मौत, नवजात घायल

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 19 मई।** कुलेसरा में रविवार शाम डंपर की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि नवजात गंभीर रूप से घायल हो गई। ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने परिजन की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वैदपुरा निवासी सौरभ भाटी ने बताया कि उनकी पत्नी कोमल (36) नवजात बेटी और भाई कुणाल (18) के साथ बाइक से जा रही थीं। शाम करीब 6:15 बजे कुलेसरा पुलिस चौकी के सामने नो एंट्री में पीछे से आए डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे कोमल और कुणाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को पहले जिम्स फिर नोएडा सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में भर्ती कराया। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। महिला भाई के साथ फरीदाबाद स्थित मायके जा रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर लेकर फरार हो गया था। पुलिस जांच कर रही है कि दोनों ने हेलमेट लगाया था या नहीं। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### मौत बनकर दौड़ रहे डंपर, नो एंट्री का खुलेआम उल्लंघन

ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में भारी वाहनों, खासकर डंपरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नो एंट्री के बावजूद शहर की व्यस्त सड़कों पर डंपर बेखौफ दौड़ रहे हैं। स्कूल, बाजार और रिहायशी इलाकों में तेज रफ्तार डंपर लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। हाल के दिनों में डंपरों की चपेट में आकर कई लोग घायल हुए, जबकि कई की जान भी जा चुकी है।

## सड़क हादसों में पुलिसकर्मी और दो बच्चियों सहित 6 लोग घायल

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 मई।** जिले में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में पुलिसकर्मी व दो बच्चियों सहित 6 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पीड़ितों की शिकायत पर खेड़कीदौला थाने, सेक्टर-53 थाने व बिलासपुर थाने में अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ सड़क हादसे संबंधी धाराओं के तहत 17 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। संबंधित थानों की पुलिस तीनों मामलों की छानबीन कर रही है। खेड़कीदौला थाने में दी शिकायत में सिपाही विक्रम राणा ने बताया कि वे 17 मई को तड़के करीब 4.30 बजे हीरो होंडा चौक से मानेसर पुलिस लाइन जा रहे थे। वे खेड़कीदौला टोल से पैदल ही पुलिस लाइन की ओर जा रहे थे तो टोल से कुछ दूर निकलते ही एक ट्रक के चालक ने तेज गति व लापरवाही से यूटर्न लेते हुए सीधी टक्कर मार दी, जिससे उनको गंभीर चोटें लगी। हादसे के बाद चालक ट्रक को लेकर मौके से भाग गया। जांच अधिकारी धर्मबीर ने बताया कि घायल सिपाही को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुठभेड़ के बाद हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।**



अपराध थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र में रेड लायन होटल के सामने चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी इंद्र त्यागी उर्फ पंडित (21) निवासी मोल्डबंद दिल्ली को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। यह मुठभेड़ 17 और 18 मई की रात थाना भूपानी क्षेत्र के अंतर्गत अमृता हॉस्पिटल से आरपीएस सोसाइटी की तरफ जाने वाले रोड पर हुई। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2 वरुण कुमार दहिया ने बताया कि 17 और 18 मई की रात को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गणेश कॉलोनी के पास भूपानी मोड़ मास्टर रोड की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मास्टर रोड पर साईं कॉलोनी के कच्चे रास्ते वाले कट के पास नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान जब मोटरसाइकिल पर आ रहे आरोपी को रुकने का इशारा किया गया, तो उसने भागने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायर कर दिए। इनमें से दो फायर पुलिस की गाड़ी पर और एक फायर पुलिस कर्मचारी एएसआई प्रदीप पर किया गया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी इंद्र त्यागी के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। घायल आरोपी को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में दाखिल कराया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी पिस्टल, दो कारतूस, तीन खाली खोल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पर हमला करने के इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में थाना भूपानी में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**हत्या सहित कई मामलों में था वांछितः** आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। वह नौ और दस अप्रैल की रात को थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा रोड पर स्थित एक होटल के सामने सचिन नामक युवक की चाकू मारकर हत्या करने की वारदात में वांछित चल रहा था। इसके अतिरिक्त, वह थाना सेक्टर-31 के अंतर्गत गत तीन दिसंबर की सुबह अरुण व राहुल पर चाकू से हमला कर जान से मारने के प्रयास और लड़ाई-झगड़े के मामले में भी काफी समय से वांछित था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 मई।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर व्यक्ति से 54.85 लाख की ठगी करने के मामले में एनआईटी साइबर थाना पुलिस बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी अमन बत्रा को 17 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी मूलरूप से कुरुक्षेत्र के शाहबाद मारकंडा का रहने वाला है और हाल में दिल्ली के बादली इलाके में रह रहा था।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि एसजीएम नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, जनवरी में ठगों ने उनकी फेसबुक आईडी पर एक मैसेज भेजकर ग्लोबल ट्रेड में पैसा निवेश करने और मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया था। इसके बाद ठगों ने उनके मोबाइल पर लिंक भेजकर एक फर्जी वेबसाइट पर अकाउंट खुलवा दिया और उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया। पीड़ित ने मुनाफे के चक्कर में आकर ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में कुल 54.85 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए, जिसके बाद आरोपियों ने पैसे वापस नहीं किए और धोखाधड़ी की। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि इस ठगी के नेटवर्क में अमन बत्रा शामिल था, जो दिल्ली में रैपिडो चलाने का काम करता है। अमन ने नवीन नाम के एक व्यक्ति का बैंक खाता खुलवाया था और उस खाते को दिल्ली में अपने सहयोगियों सुमित व मनविंद्र के माध्यम से विदेश में बैठे मुख्य ठगों को उपलब्ध कराया था। पीड़ित के पैसों में से 75 हजार रुपये इसी खाते में ट्रांसफर हुए थे।



## मल्लिका ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की पुरानी तस्वीरें की साझा, हुई भावुक

आजकल कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय अभिनेत्रियों का ग्लैमरस अंदाज चर्चा में बना हुआ है। इसी बीच बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने कान्स फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा करते हुए सोशल मीडिया पर कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल की करीब दो दशक पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह विश्व प्रसिद्ध मार्शल आर्टिस्ट और अभिनेता जैकी चेन के साथ नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह लगभग 20 साल पहले कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई थीं। उस दौरान उन्होंने स्टाइलिश क्रॉप टॉप और स्कर्ट पहनी थी, जिसे लेकर उस समय काफी चर्चा हुई थी। अभिनेत्री ने लिखा कि उस दौर में उनके पहनावे को लेकर बड़ा हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया कि उनके ड्रेसिंग स्टाइल की चर्चा अंतरराष्ट्रीय मीडिया तक में हुई और उन्हें मशहूर मैगजीन 'टाइम' में भी जगह मिली थी। इतना ही नहीं, उनकी तुलना फ्रेंच सुपरस्टार ब्रीगिटे बारडॉट से की गई थी।



## अदिति राव हैदरी के रॉयल लुक

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में इस बार कई सितारों के फैशन और स्टाइल की चर्चा हो रही है, लेकिन अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने शाही अंदाज से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अदिति का दूसरा लुक सोशल मीडिया पर सामने आते ही तेजी से वायरल हो गया और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कान्स के रेड कारपेट पर अदिति ने ग्रीन रंग का थाई-हाई स्लिट गाउन पहना था, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक नजर आ रहा था। वन-शोल्डर डिजाइन वाले इस गाउन पर बारीक और शानदार कढ़ाई का काम किया गया था, जिसने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। रेड कारपेट पर उनका आत्मविश्वास और स्टाइल लोगों को खूब पसंद आया। अभिनेत्री ने अपने लुक को ज्यादा भारी ज्वेलरी के बजाय बेहद सिंपल एक्सेसरीज के साथ पूरा किया, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। उन्होंने गले में एक डायमंड नेकलेस पहना था, जो उनके आउटफिट के साथ बेहद खूबसूरत लग रहा था।

# मौनी रॉय ने फिर किया पति को फॉलो


अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें सामने आई थीं कि मौनी रॉय और उनके पति सूरज नांबियार के रिश्ते में दरार आ गई है, क्योंकि दोनों ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद उनके अलग होने की चचाएं तेज हो गई थीं। हालांकि अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है। दरअसल, हाल ही में मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर फिर से अपने पति सूरज नांबियार को फॉलो करना शुरू कर दिया है। इसके बाद फैंस के बीच यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद दोनों के रिश्ते में सबकुछ ठीक होने लगा है। हालांकि, अब तक सूरज ने मौनी को दोबारा फॉलो नहीं किया है, लेकिन मौनी के इस कदम ने उनके प्रशंसकों को उम्मीद जरूर दे दी है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले सूरज नांबियार ने अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिएक्टिवेट कर दिया था। बाद में अकाउंट दोबारा एक्टिव होने के बाद मौनी ने उन्हें फॉलो कर लिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। इसी बीच अभिनेत्री दिशा पाटनी का नाम भी इस विवाद में जुड़ गया है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया कि मौनी और सूरज के रिश्ते में दूरी आने की वजह दिशा पाटनी हो सकती हैं।





# चेल्सी के नए कोच बने पूर्व स्पेनिश फुटबॉलर जाबी अलोंसो

**लंदन, यूटर्न/ 19 मई।** इंग्लैंड के चेल्सी एफसी क्लब ने स्पेन के पूर्व फुटबॉलर जाबी अलोंसो को अपनी टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 44 साल के मिडफील्डर अलोंसो के साथ क्लब ने चार साल का करार किया है इसकी आधिकारिक घोषणा अभी होनी है। जर्मनी के क्लब बायर लेवरकुसेन के कोच रहते अलोंसो तेजी से चचाओं में आये हैं। इसके बाद से ही वह यूरोप के शीर्ष युवा कोचों में शामिल किए जाते हैं, अब उनके सामने चेल्सी की प्रदर्शन को सुधारना एक नई चुनौती है। पिछले सप्ताह ही अलोंसो ने लंदन में चेल्सी के शीर्ष अधिकारियों के साथ अंतिम दौर की बातचीत की। इस दौरे के बाद ही दोनों पक्षों के बीच चार साल के अनुबंध पर सहमति बन पाई। गौरतलब है कि चेल्सी भी लंबे समय से एक स्थायी और प्रभावशाली कोच की तलाश में था, और अलोंसो को शुरू से ही उनकी पहली पसंद माना जा रहा था। गौरतल है कि अलोंसो कोच के तौर पर तेजी से ऊपर आये हैं। उन्होंने जर्मनी के क्लब बायर लेवरकुसेन को 2023-24 सीजन में बुंडेसलीगा खिताब दिलाकर अपनी रणनीतिक क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया था। इस ऐतिहासिक जीत ने उन्हें विश्व फुटबॉल में एक ऐसे कोच के रूप में स्थापित किया, जो युवा प्रतिभाओं को निखारने और टीम को एकजुट करने में माहिर है।



## चेल्सी के नए कोच बने पूर्व स्पेनिश फुटबॉलर जाबी अलोंसो

**लंदन, यूटर्न/ 19 मई।** इंग्लैंड के चेल्सी एफसी क्लब ने स्पेन के पूर्व फुटबॉलर जाबी अलोंसो को अपनी टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 44 साल के मिडफील्डर अलोंसो के साथ क्लब ने चार साल का करार किया है इसकी आधिकारिक घोषणा अभी होनी है। जर्मनी के क्लब बायर लेवरकुसेन के कोच रहते अलोंसो तेजी से चचाओं में आये हैं। इसके बाद से ही वह यूरोप के शीर्ष युवा कोचों में शामिल किए जाते हैं, अब उनके सामने चेल्सी की प्रदर्शन को सुधारना एक नई चुनौती है। पिछले सप्ताह ही अलोंसो ने लंदन में चेल्सी के शीर्ष अधिकारियों के साथ अंतिम दौर की बातचीत की। इस दौरे के बाद ही दोनों पक्षों के बीच चार साल के अनुबंध पर सहमति बन पाई। गौरतलब है कि चेल्सी भी लंबे समय से एक स्थायी और प्रभावशाली कोच की तलाश में था, और अलोंसो को शुरू से ही उनकी पहली पसंद माना जा रहा था। गौरतल है कि अलोंसो कोच के तौर पर तेजी से ऊपर आये हैं। उन्होंने जर्मनी के क्लब बायर लेवरकुसेन को 2023-24 सीजन में बुंडेसलीगा खिताब दिलाकर अपनी रणनीतिक क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया था। इस ऐतिहासिक जीत ने उन्हें विश्व फुटबॉल में एक ऐसे कोच के रूप में स्थापित किया, जो युवा प्रतिभाओं को निखारने और टीम को एकजुट करने में माहिर है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भारत में आईएसआई की ड्रोन के जरिए नकली नोट भेजने की साजिश, भारतीय एजेंसियां अलर्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 मई।**

एजेंसियों की जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान की आईएसआई और उसके मददगार भारत में बड़े पैमाने पर नकली नोट फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता के इलाके त्रिपुरा-बांग्लादेश बॉर्डर और पंजाब हैं।

बांग्लादेश बॉर्डर पर नकली नोट भारत में पहुंचाने के लिए कूरियर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि पंजाब में ड्रोन के जरिए यह खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि नकली भारतीय नोटों को लेकर आईएसआई ने दो तरफा रणनीति अपनाई है। एक तरफ उसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है, और दूसरी तरफ वह पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों के लिए फंड जुटाना चाहती है।

अधिकारी ने कहा कि पंजाब की तुलना में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर यह समस्या ज्यादा गंभीर है।



इस समस्या से निपटने में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) सबसे आगे काम कर रही है। एनआईए बॉर्डर पर इस खतरे को रोकने के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के अंदर भी कई मामलों की जांच कर रही है। राज्य में उसका मुख्य फोकस मालदा पर है, जहां नकली नोट छापने वाली कई यूनिट्स सामने आई हैं।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि आगे चलकर आईएसआई नकली नोट भेजने के लिए ड्रोन का ज्यादा इस्तेमाल कर सकती है। अभी तक ड्रोन के जरिए नकली नोट गिराने की लगभग सभी कोशिश नाकाम की गई हैं।

हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि अभी लापरवाही बरतने का समय नहीं है, क्योंकि ये कोशिश सिर्फ 'ड्राई रन' यानी ट्रायल हो सकती हैं।

ये लोग सुरक्षा व्यवस्था को समझने और उसकी कमजोरियां जानने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक जो नकली नोट पकड़े गए हैं, उनकी मात्रा कम रही है। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही ये लोग सुरक्षा तंत्र को चकमा देने में सफल हो जाएंगे, वे ड्रोन के जरिए बड़ी मात्रा में नकली नोट भेजने की कोशिश करेंगे।

एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि सबसे पहले पश्चिम बंगाल में नकली नोट छापने वाली यूनिट्स को बंद करना जरूरी है। उनका कहना था कि अगर मालदा मॉड्यूल को खत्म कर दिया जाए, तो समस्या का बड़ा हिस्सा अपने आप कम हो जाएगा।

इसके बाद ध्यान उन सीमाओं पर लगाया जा सकेगा, जहां से नकली नोट भारत में तस्करी करके लाए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक आईएसआई को पता है कि सुरक्षा एजेंसियों की नजर सबसे ज्यादा उन कूरियर पर रहती है, जो नकली नोट लेकर आते हैं।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे एनआईए सख्ती बढ़ा रही है, आईएसआई पूरी तरह ड्रोन नेटवर्क की तरफ जा सकती है ताकि नकली नोट भारत भेजे जा सकें।

# कैलिफोर्निया की मस्जिद पर हमला: सुरक्षा गार्ड समेत 3 की मौत

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 19 मई।**

कैलिफोर्निया के सैन डिएगो मस्जिद में सोमवार को हुए हमले पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुख जताया है। उन्होंने इसे भयावह करार दिया। सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। अमेरिका में बीते पांच महीनों में गोलीबारी की ये चौथी बड़ी वारदात है। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी।




इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है।

गोलीबारी के बाद ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'यह एक बेहद गंभीर और दुखद स्थिति है। मुझे शुरूआती जानकारी दी गई है, लेकिन हम इस मामले को बहुत गंभीरता से देखेंगे।'

वहीं, एफबीआई निदेशक काश पटेल के अनुसार एफबीआई गंभीरता से जांच कर रही है।

यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगलादेश में खसरे जैसे लक्षणों से पांच और बच्चों की मौत, कुल मौतों का आंकड़ा 464 पहुंचा

**ढाका, यूटर्न/ 19 मई।** बंगलादेश में खसरे का प्रकोप लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार को पिछले 24 घंटों के दौरान इस बीमारी से जुड़े लक्षणों के कारण पांच और बच्चे इसका शिकार हो गये, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 464 हो गयी है इसी अवधि के दौरान देश भर के अस्पतालों में खसरे जैसे लक्षणों वाले 1,405 मरीजों को भर्ती कराया गया था। इनमें से 89 मामलों में टेस्ट में खसरे की पुष्टि हुई। इस बीमारी ने सबसे ज्यादा कहर ढाका संभाग पर बरपाया है, जबकि राजशाही, चट्टोग्राम और खुलना संभागों में भी इसके गंभीर मामले देखे गये हैं। यह बीमारी देश के 64 में से 61 जिलों में फैल चुकी है। अब तक 75 और बच्चों की इस बीमारी से मौत होने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 389 अन्य बच्चों की मौत खसरे से मिलते-जुलते लक्षणों के कारण हुई है, जिससे कुल मौतों का आंकड़ा 464 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से 18 मई के बीच लैब टेस्ट के माध्यम से खसरे के कुल 7,856 मामलों की पुष्टि हुई। इसमें शिशु और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जो कुल मामलों का लगभग 80 प्रतिशत हैं। रे के 54,911 संदिग्ध मामलों की पहचान की गयी है, हालांकि वास्तविक संख्या इससे अधिक होने की संभावना जतायी गयी है।

### अमेरिका ने चीन के समक्ष उठाया पंचेन लामा का मुद्दा

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 19 मई।** अमेरिका ने चीन से तिब्बती बौद्ध धर्म के प्रमुख आध्यात्मिक नेताओं में से एक पंचेन लामा की रिहाई का मुद्दा उठाया है। अपील की है कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। यह मांग उनके लापता होने के 31 साल पूरे होने पर उठाई गई है। उस समय पंचेन लामा की उम्र सिर्फ छह साल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि दलाई लामा ने गेदुन चोएकी न्यिमा को तिब्बती बौद्ध धर्म का नेता घोषित किया था। ऐलान किए जाने के कुछ ही दिनों बाद चीनी अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार को गायब कर दिया था। उन्होंने कहा, '18 मई को तिब्बती धार्मिक नेता पंचेन लामा, गेदुन चोएकी न्यिमा के लापता होने की 31वीं बरसी थी।

# सीजफायर सिर्फ कागजों में सिमटा, लगातार बढ़ रहे हमले

पश्चिम एशिया में फिर गहराया संकट

» **तेहरान, यूटर्न/ 19 मई।**

पश्चिम एशिया में हालात लगातार संवेदनशील और बेकाबू होते जा रहे हैं। एक तरफ जहां इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुआ सीजफायर सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रहा है, वहीं दूसरी तरफ ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नए और कड़े संकेत देकर वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। इस बीच, क्षेत्र में शांति बहाली की कोशिशों के तहत पाकिस्तानी गृहमंत्री मोहसिन नकवी भी ईरान पहुंचे हैं, ताकि ईरान और अमेरिका के बीच उपजे गंभीर तनाव को कम किया जा सके। हालांकि, जमीनी स्तर पर युद्ध की तैयारियां जोरों पर हैं और ईरानी मीडिया में आम नागरिकों को एके-47 बंदूक चलाने की बकायदा ट्रेनिंग दी जा रही है।




इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के करीब 100 ठिकानों पर भीषण हमले किए हैं। यह सैन्य कार्रवाई हिजबुल्लाह द्वारा किए गए ड्रोन, मोर्टार और विस्फोटक हमलों के जवाब में की गई है। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के टायर इलाके सहित कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर बने आतंकी ढांचों, हथियारों के गोदामों और ऑब्जर्वेशन पोस्ट को निशाना बनाया है। हालांकि, अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इजरायल और लेबनान के बीच सीजफायर को 45 दिनों के लिए बढ़ाने पर सहमति बनी थी, लेकिन दोनों ओर से हो रही गोलीबारी के कारण शांति की उम्मीदें धूमिल होती दिख रही हैं। हिजबुल्लाह लगातार इजरायली सैनिकों पर किए जा रहे ड्रोन हमलों के वीडियो जारी कर अपनी आक्रामकता दिखा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस हालिया संघर्ष में अब तक 2,969 लोगों की मौत हो चुकी है और 9,000 से अधिक लोग घायल हैं।


तनाव की आंच अब अन्य क्षेत्रों तक भी फैल रही है। यरुशलम के पास बीत शेमेश इलाके में एक इजरायली रक्षा कंपनी के टेस्टिंग ग्राउंड पर हुए जोरदार धमाके ने हड़कंप मचा दिया है।

हालांकि कंपनी ने इसे पूर्व-निर्धारित परीक्षण बताया है, लेकिन बिना सूचना के हुए इस धमाके से स्थानीय लोगों में दहशत है। दूसरी ओर, ईरान के सुप्रीम लीडर के सलाहकार मोहम्मद मोखबर ने कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी जमीन ईरान के दुश्मनों के लिए खोल दी है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की घेरेबंदी तेज करते हुए अब तक 78 जहाजों को वापस लौटा दिया है।

# भारत-अमेरिका संबंध मजबूत, लगातार बढ़ रही साझेदारी: राजदूत क्वात्रा

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 19 मई।**

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारत-अमेरिका रिश्तों में तनाव को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं और इन्हें अमेरिका की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों का समर्थन प्राप्त है। साथ ही, ये रिश्ते व्यापार, तकनीक, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका-भारत मैत्री परिषद की ओर से आयोजित 'कैपिटल हिल समिट 2026' को संबोधित करते हुए क्वात्रा ने कहा कि संबंधों में तनाव को लेकर बनाई जा रही कई धारणाएं जमीनी हकीकत पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हम स्वाभाविक साझेदार हैं, सिर्फ भौगोलिक वजह से नहीं, बल्कि हमारे साझा मूल्यों की वजह से भी।' इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी कांग्रेस में दिए गए भाषण को भी याद किया।



राजदूत ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में हर अमेरिकी सरकार ने भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने के लिए पिछली सरकार की उपलब्धियों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, 'अगर आप पिछले दशकों और अलग-अलग सरकारों के दौरान रिश्तों की कड़ी को देखें, तो पाएंगे कि हर सरकार ने पिछली सरकार की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने की कोशिश की और उसमें सफलता भी हासिल की।' क्वात्रा ने कहा कि 2014 के बाद भारत की आर्थिक तरक्की अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग का एक बड़ा कारण रही है।

# दोनों पक्षों में गंभीर मतभेद

## पश्चिम एशिया में फिर मंडराया युद्ध का खतरा

### अमेरिका और ईरान की कूटनीतिक शर्तों का खुलासा

» **तेहरान, यूटर्न/ 19 मई।**

पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच ईरान और अमेरिका के बीच चल रही बंद कमरे की कूटनीति अब पूरी तरह खुलकर सामने आ गई है। ईरानी मीडिया द्वारा किए गए खुलासे के अनुसार, दोनों देशों ने एक-दूसरे के सामने ऐसी सख्त शर्तें रखी हैं, जिससे उनके बीच की गहरी खाई और कूटनीतिक गतिरोध साफ नजर आ रहा है। इस मामले में पाकिस्तान दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जिसके जरिए शर्तों और प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया गया है। वर्तमान हालातों को देखते हुए दोनों महाशक्तियों के बीच एक बार फिर भीषण सैन्य टकराव का खतरा पैदा हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए ईरान के सामने पांच कड़े प्रस्ताव रखे हैं। अमेरिका की पहली शर्त है कि ईरान अपना 400 किलोग्राम उच्च संवर्धित (हाईली एनरिच्ड) यूरेनियम पूरी तरह सौंप दे। दूसरी शर्त के तहत ईरान को केवल अपना एक परमाणु केंद्र चालू रखने और बाकी सभी को तुरंत बंद करने को कहा गया है। तीसरी शर्त में अमेरिका ने साफ किया है कि वह युद्ध में हुए नुकसान के लिए ईरान को कोई मुआवजा नहीं देगा। चौथी शर्त के अनुसार, विदेशों में फ्रीज की गई ईरान की संपत्तियों का 25 फीसदी हिस्सा भी उसे वापस नहीं मिलेगा। पांचवीं शर्त यह है कि औपचारिक बातचीत पूरी तरह आगे बढ़ने के बाद ही क्षेत्र में सीजफायर यानी युद्धविराम लागू किया जाएगा। इसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिका के सामने अपनी पांच सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की पहली मांग है कि पश्चिम एशिया में जारी तमाम सैन्य कार्रवाइयों को पूरी तरह बंद किया जाए।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *